भोजन से पैदा होने वाली बीमारी का फैलना, जिसे रोका जा सकता था



मेरे बच्चे मैनुअल को बुखार था और दस्त आ रहे थे और रात भर मै उसकी देखभाल करता रहा। अगली सुबह मुझे काम पर जाना था।

मुझे काम पर जाना था वर्ना मेरी नौकरी छूटने का खतरा था।

मैं वास्तव में मैनुअल के साथ घर पर ही रहना चाहता था। मुझे काम करते हुए पूरे समय तक उसकी चिन्ता लगी रही।

मैरी अपने पिता के साथ दोपहर के भोजन का आनंद ले रही थी।



ब्रेड का स्वाद अच्छा था लेकिन मैरी को ज़रा सा भी अन्दाज़ा नही था कि वह क्या खा रही थी।



मैंने जिन लोगों को भोजन परोसा, उन्होंने अगले दिन उल्टी और दस्त से बीमार होने की षिकायत की।



मैरी, जिसका प्रतिरक्षा तंत्र कमज़ोर था, बहुत बीमार पड़ गयी।

कुछ दिनों बाद मैरी को जीवनरक्षा प्रणाली पर रखा गया। 25 लोग उल्टी और दस्त से बीमार पड़ गये। रेस्टोरेन्ट बन्द कर दिया गया और मेरी नौकरी चली गई।



मैं किसी को बीमार नही करना चाहता था। अब मेरे हाथों में कीटाणुओं के कारण कोई मर सकता था।

हमेशा लोगों की सुरक्षा करें। ठीक समय पर अपने हाथ अच्छी तरह से ध ोयें। परोसे जा रहे भोजन को अपने नंगे हाथों से न छुयें।